# जियो फैन्स जायद गिरदावरी में सेवनी बना नंबर वन

**आकाश यादव**




**दतिया (चम्बल नवराष्ट)।** मध्यप्रदेश में कृषि वर्ष 1 अप्रैल से शुरू हो जाता है तथा वर्तमान में कृषि वर्ष में जायद खरीफ रवी गिरदावरी जियो फैंस तकनीक के आधार पर खेत खेत जाकर एवं फसल की फोटो सारा एप के द्वारा लेकर पूर्ण की जाती है जिसमें हल्का पटवारी जीत सिंह यादव द्वारा समय सीमा के अंदर ग्राम सेवनी की शत-प्रतिशत गिरदावरी पूर्ण कर ली जिससे ग्राम सेवनी मध्य प्रदेश में नंबर वन बना क्योंकि गिरदावरी का कार्य 11 अप्रैल 2023 से ही प्रारंभ हुआ है इससे पहले सेवनी एमपी किसान एप से फसल गिरदावरी और स्वामित्व में भी नंबर वन बन चुका है जियोफैंस गिरदावरी से बहुत पारदर्शिता गिरदावरी में आई है जिससे ई उपार्जन और अन्य कृषि योजनाओं में किसान भाइयों को लाभ मिलता है ग्राम सेवनी में जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन जीरो है तथा हल्का पटवारी जीत सिंह यादव को कई बार जिला स्तर पर सम्मानित किया जा चुका है हल्का पटवारी 24 घंटे किसान भाइयों के संपर्क में रहते हैं।